राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल तीन दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को वाराणसी पहुंचे

राज्यपाल श्री मिश्र ने संकटमोचन हनुमान मंदिर में दर्शन कर देश और प्रदेशवासियों की सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की

जयपुर/ वाराणसी, 9 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र मंगलवार को वाराणसी स्थित प्रसिद्ध संकटमोचन हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में हनुमानजी के दर्शन कर वहां विशेष पूजा–अर्चना की। श्री मिश्र ने संकटमोचक हनुमान जी से देश और प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली की कामना की।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री मिश्र तीन दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को राजकीय वायुयान से वाराणसी पहुंचे। यहां वह विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनका 11 अप्रैल की सांय जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।